भायंदर । काशीमीरा रोड पर गोल्डन नेस्ट काम्प्लेक्स में स्थित विनायक हाईटेक हॉस्पिटल में पोलिओग्रस्त रोगियों के ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन महापौर मायरा मेंडोंसा ने किया । २ दिनों में डॉ. परेश देसाई ने ५० से ज्यादा पोलिओ के ऑपरेशन किए। अमेरिका की संस्था चाईल्ड एण्ड फेमिली केयर के सहयोग से आयोजित हुए शिविर के उद्घाटन समारोह में नगरसेवक महेन्द्रसिंह चौहान (नगरसेवक), भगवती प्रसाद शर्मा (राकांपा ब्लॉक अध्यक्ष) एफश्रसीएफ के आईवेम जोसेफ, पी.एन. शाह, एड. अंजलीकुमारी सिंह, लीला पाटील (नगरसेविका), ज्योति आदि ने विचार रखे। आयोजन में नगरसेविका सुधा लक्ष्मीकांत गोयनका का विशेष सहयोग रहा। शिविर में वसई, दहिसर, भायंदर, मीरारोड व दूरदराज से भी कई रोगी आए थे। डा. देसाई १० वर्ष में ४३ हजार पोलिओ आपरेशन कर चुके है और उनका नाम ग्रीनीज बुक में दर्ज है । बावजूद उनको सोसायटी के अधिकारी उनको अकारण परेशान कर रहे हैं ।